सेन्ट्रल स्कूल, कोटा में अध्यापकों की कमी

8592. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अध्यापकों की कमी के कारण सेंट्रल स्कूल कोटा, राजस्थान, में विद्यार्थियों की पढ़ाई पूरी नहीं हो सकी;

(ख) क्या यह भी सच है कि वहां अध्यापकों को केन्द्रीय सरकार के वेतन मानों के अनुसार वेतन नहीं दिये जाते हैं;

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) अध्यापकों की संख्या बढ़ाने के बारे में सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

शिक्षा मन्त्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) जी, नहीं।

(ख) केन्द्रीय विद्यालयों के सभी अध्यापकों को संगठन द्वारा स्वीकृत वेतनमानों के अनुसार वेतन दिए जाते हैं, जो पूर्णरूप से दिल्ली के वेतनमानों पर आधारित होते हैं।

(ग) और (घ). प्रश्न नहीं उठता।

दिल्ली में सब-रजिस्ट्रार

8593. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या गृह-कार्य मंत्री 22 मार्च, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4871 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सब-रजिस्ट्रार (भवन), दिल्ली के कार्यालय में इस समय कोई काम बाकी नहीं है;

(ख) क्या यह भी सच है कि उस कार्यालय (काश्मीरी गेट) में चौथे सब-रजिस्ट्रार के कार्यालय के लिये जगह उपलब्ध है और कमरा संख्या 14-15 खाली पड़े हैं जहां चौथे सब-रजिस्ट्रार का कार्यालय स्थापित किया जा सकता है; और

(ग) यदि हां, तो चौथे सब-रजिस्ट्रार के लिये एक अन्य कार्यालय खोलने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) से (ग). सब-रजिस्ट्रार (भवन) समेत सभी सब-रजिस्ट्रारों के कार्यालय में पर्याप्त मात्रा में कार्य लंबित पड़ा है। इस कारण तथा लोगों को असुविधा रोकने की दृष्टि से चौथे सब रजिस्ट्रार का कार्यालय खोला जा रहा है। कश्मीरी गेट स्थित सब-रजिस्ट्रार (भवन) के कार्यालय में कमरे खाली पड़े हैं तथा नया कार्यालय वहां अथवा अन्यत्र खोला जाए इस प्रश्न पर विचार किया जा रहा है।

Accident Investigation Section

8594. SHRI S. C. SAMANTA : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether the Accident Investigation Section is proposed to be taken out of the purview of the Director General of Civil Aviation and placed directly under the Ministry of Transport or under any other Ministry considered suitable ; and

(b) if so, the action taken in the matter so far ?

THE MINISTER OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (DR. KARAN SINGH): (a) and (b). The question of separation of the Accident Investigation Branch from the organisation of the Director General of Civil Aviation, in implementation of a recommendation of the Estimates Committee, is under examination.

मध्य प्रदेश में संस्कृत विश्वविद्यालय

8595. **श्री रामावतार शर्मा :**
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री शशि भूषण बाजपेयी :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश